## खबर संक्षेप

### गाज की चपेट में आने से दो श्रमिक झुलसे, कुत्ते की हुई मौत

**कटनी।** आकाशीय बिजली गिरने से 2 युवक गंभीर रूप से जुलस गए। घटना बड़वारा थाना क्षेत्र की है। इस घटना में एक श्वान की भी मौत हो गई जो पेड़ के नीचे बैठा था। जानकारी के अनुसार बड़वारा में सीएम राइज स्कूल का निर्माण कार्य आगरा से आए श्रमिक कर रहें । वे हर रोज की तरह यहां परिसर में लगे महुए के पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। जिसमें करीब 8 से 9 श्रमिक थे। अचानक तेज गरज के साथ महुए के पेड़ में गांज गिरी जिसमे दो श्रमिक भरत कुमार निवासी आगरा व उसका साथी श्रमिक गाज की चपेट में आ गए। घटना में पेड़ के नीचे बैठे एक श्वान की घटना स्थल पर मौत हो गई। गंभीर रूप से झुलसे भारत कुमार को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

### जिले के 1.73 लाख बच्चों को आज पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**कटनी।** बीते वर्षों की भांति शासन द्वारा इस वर्ष भी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है ।जिसके तहत रविवार 23 जून को 0 से 5 वर्ष के जिले के एक लाख 73 हजार 469 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा, बूथ पर पिलायी जावेगी। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने 5 वर्ष तक के बच्चों के पालकों और अभिभावकों से अपील की, है कि वे अपने नजदीकी बूथ जाकर अपने बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलवायें। पल्स पोलियो अभियान में जिले के 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1 लाख 73 हजार 469 बच्चो को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है । कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर सुविधा की दृष्टि से दवा पिलाने कुल 1 हजार 672 बूथ बनाये गये है । जिसमे 3 हजार 525 कर्मचारी कार्यरत रहेंगे। रविवार 23 जून को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ पर बच्चों को दो बूदं दवा पिलाई जावेगी। पोलियो से निजात पाने का एक मात्र साधन पोलियो की दवाई है। सभी अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा, बूथ पर ले जाकर आवश्यक रूप से पिलवायें। कलेक्टर श्री प्रसाद ने समस्त कटनी वासियों से अपील की है कि अपने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को बूथ मे ले जाकर पोलियो की दो बूंद दवा आवश्यक रूप से पिलवायें एवं कटनी जिले के साथ सम्पूर्ण भारत को पोलियो से मुक्त रखे जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करे।

### वसुधा फाल एवं शारदा मंदिर से संबंधित होंगे सवाल

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई ''कटनी- को -जानो'' ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता के तहत वसुधा फाल रीठी एवं मां शारदा मंदिर विजयराघवगढ़ से संबंधित से संबंधित सवाल ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में पूछे गए हैं। जिसका जवाब प्रतिभागी 23 जून की रात 12 बजे तक दे सकेंगे अर्थात जवाब सब्मिट करने के लिए लिंक खुली रहेगी। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें जिले के ऐतिहासिक स्थलों के बाद प्राकृतिक छटा से भरपूर रीठी का वसुधा फाल की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जायेगी। अद्भुद, शानदार एवं मनमोहक इस वसुधा फाल को देखकर पर्यटकों को ऐसा आकर्षित करता है कि वे इस आकर्षक फाल से गिरती पानी की दूधिया धार के नयनाभिराम आकर्षण से मंत्रमुग्ध हो जाता है। नैसर्गिक सौंदर्य के बीच सैकड़ों फीट से गिरता पानी और नीचे जमा पानी का तालाब काफी मनमोहक दृश्य प्रदर्शित करता है। इसके अलावा विजयराघवगढ़ में विराजी श्रद्धा एवं आस्था का स्थल मां शारदा मंदिर की जानकारी भी साझा की जायेगी यहां विराजी मां शारदा को मैहर वाली माता की बड़ी बहन माना जाता है। इस मंदिर में मां शारदा का वर्ष 1826 में राजा प्रयागदास के साथ विजयराघवगढ़ में आगमन हुआ था तब से रोजाना हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओ का यहां तांता लगा रहता है।

## कुठला थाना के ग्राम कछगवां में चूना भट्ठा में मिली लाश के मामले का खुलासा, 4 गिरफ्तार

# चोरी करते पकड़े जाने पर मैनेजर को उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमको कंपनी के मैनेजर की चूना भट्टा में मिली लाश के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने मैनेजर के हत्याकांड का शनिवार को खुलासा किया। साथ ही कुठला पुलिस सहित विवेचना कर रही टीम के सभी सदस्यों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

बताया जाता है कि कि चोरी के इरादे से घुसे चार आरोपियों ने सिमको कंपनी के मैनेजर ने पहले तो उसकी बेरहमी से पिटाई की बाद में उसके जेब से तिजोरी की चाभी निकालकर वहां से लगभग 1 लाख रुपए निकाल लिए। चोरी करने के बाद सभी आरोपियों ने मैनेजर को उसी के बिस्तर में बांधकर धधकते चुने के भट्टे में फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने वाले चारों आरोपी पहले से ही मैनेजर की हत्या कर रुपए लेकर भागने का मन बनकर आए थे। पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार चारों आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया और रुपए लेकर चंपत हो गए। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे मुख्य आरोपी की मां का भी हांथ होना पाया गया है। पुलिस के द्वारा मां को भी आरोपी बनाते हुए कार्यवाही की जा रही है।

गौरतलब है कि 20 जून को समनू विश्वकर्मा पिता सुन्दर लाल विश्वकर्मा उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम मुडेहरा की हत्या कर शव ग्राम कछगवां स्थित चूना भट्टे में डाल दिया गया था। मृतक सिमको लाईम कम्पनी में करीब पच्चीस वर्षों से कैशियर का काम करता था। वह कम्पनी के कमरे में ही रहता था और सप्ताह में एक दिन घर जाता था।

हत्या के मामले की गंभीरता को देखते हुए एडि एसपी डॉ संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमति ख्याति मिश्रा, एसडीओपी विजयराघवगढ़ के. पी. सिंह, थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा, थाना प्रभारी कैमोर अरविन्द चौबे, प्रभारी सायबर सेल, चौकी प्रभारी बिलहरी गोपाल विश्वकर्मा, चौकी प्रभारी बस स्टैण्ड अंकित मिश्रा एवं पुलिस लाईन का बल घटना स्थल पहुंचा और एफ एस एल टीम, डॉग स्कॉट, फिंगर प्रिंट टीम एवं जबलपुर की फॉरेंसिक टीम के द्वारा घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किये गए। मैनेजर की हत्या की सभी पहलुओ पर बारीकी से जाँच करते हुए कुठला पुलिस को मुखबिरो के द्वारा कुछ अहम सुराग हासिल हुए जब उन सुरागो की तफ्तीश की गई तो ज्ञात हुआ कि चूना भट्टा में काम करने वाले मजदूरो की संलिप्ता हत्याकांड में हो सकती है। संदेह के आधार पर आशीष सिंह ठाकुर, विनोद सिंह, रंजीत सिंह उर्फ गोलू, सनम सिंह से पूछताछ करने पर आशीष सिंह के द्वारा अपने अन्य साथी विनोद सिंह, रंजीत सिंह उर्फ गोलू, सनम सिंह के साथ घटना घटित करना स्वीकार कर लिया गया।



पुलिसिया पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे यह जानते थे कि बुधवार के दिन मजदूरों को मजदूरी मिलती है जिसका एक बड़ा हिस्सा गुरुवार को भी वितरित होता है इसी बजह से उन्होने बुधवार एवं गुरुवार की दरम्यानी रात यह घटना घटित की। योजना के अनुसार आरोपी आशीष को ऑफिस के अन्दर घुसना था, आरोपी विनोद को आशीष की मदद के लिए पहुँचना था और आरोपी सनम सिंह और रंजीत सिंह उर्फ गोलू को बाहर रहकर आने जाने वालो पर नजर रखनी थी। घटना की योजना बुधवार की शाम 7 बजे रेल्वे ट्रेक पर बनी थी। आरोपीगण एक राय होकर रात करीब 1 बजे योजनाबद्ध तरीके से चोरी की नियत से सिमको लाईम के ऑफिस पहुँचे। आशीष सिंह उक्त स्थान में पीछे की ओर से बाउण्ड्री कूदकर घुसा। आहट पाकर बाहर सोये हुए मैनेजर की नींद खुल गई जिससे वो ऑफिस के अन्दर गया। उसी समय दूसरा आरोपी विनोद भी समनू विश्वकर्मा के पीछे पीछे अन्दर चला गया और अन्दर जाकर मैनेजर समनू विश्वकर्मा के साथ हाथा पाई की और उस पर काबू पाने के लिए उसके सिर पर डण्डे से प्रहार किया और जान बचाकर भागने पर समनू को फिर से पकड़ा और डण्डे मारकर घायल कर दिया। तत्पश्चात मैनेजर समनू विश्वकर्मा का तकिये से दम घोंट दिया और मृतक के गले में पहनी लॉकर की चाबी निकाली और लॉकर का ताला खोलकर उसमें से नगदी निकालकर वापस ताला बन्द कर दिया। चारों ने मिलकर वही पर बिछी हुए चटाई और कम्बल में लपेटकर साक्ष्य मिटाने के आशय से मृतक समनू विश्वकर्मा की लाश को धधकते हुए चूना भट्टे में डाल दिया। इसके पहले कि घटना के बाद आरोपी लूटे गए पैसे आपस में बाटते उसके पहले ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्त में ले लिया। आरोपी आशीष और रंजीत सिंह उर्फ गोलू दोनो सगे भाई है इनकी मां बृजरानी को घटना की पूरी जानकारी है। धारा 120 बी के तहत बृजरानी को भी आरोपी बनाया जा रहा है।

आरोपी विनोद से तिजौरी की चाबी एवं आशीष के घर से नगदी 60 हजार रुपये एवं हिसाब किताब का रजिस्टर बरामद किया गया है। शेष 20 हजार रूपये आरोपी गोलू ने अपनी मां बृजरानी को दे दिये थे। आरोपी रंजीत सिंह उर्फ गोलू की मां बृजरानी से 20 हजार रूपये जप्त होना शेष है।

हत्याकांड का खुलासा करने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा, थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अभिषेक चौबे, उप निरीक्षक विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक रवि शुक्ला, प्रधान आरक्षक रामेश्वर, अजय यादव, नरेन्द्र पटेल, शिवशंकर दुवे, ताहिर खान, राहुल मिश्रा, सुनील पाण्डेय, भगवत चौधरी, आरक्षक पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, मनोज सिंह राजपूत, सतेन्द्र सिंह, आशुतोष यादव, विजय प्रजापति, हर्षुल मिश्रा, मंसूर हुसैन अन्य स्टाफ एवं सायवर सेल टीम, की भूमिका रही।

*सभी तरह की मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त करने के दिये निर्देश*

# ट्रांसपोर्ट नगर की समुचित व्यवस्था के लिए महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ट्रांसपोर्ट नगर में समुचित व्यवस्थाओं के लिए शनिवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी,निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर सूरी एवं निगमायुक्त द्वारा नगर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं जैसे प्रकाश,सफ़ाई, पेयजल इत्यादि का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। व्यवस्थाओं को पूर्ण कर जल्द ही सभी ट्रांसपोर्टर्स को शहर से बाहर निर्धारित स्थल पर विकसित किए जा रहे ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में



प्रतिस्थापित किया जाएगा।

महापौर सूरी द्वारा शहर को व्यवस्थित करने हेतु सभी ट्रांसपोर्टर्स से ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में प्रतिस्थापित किए जाने हेतु सहयोग की अपील की है उन्होंने कहा कि में लगातार इस मामले को भोपाल स्तर में भी संपर्क बनाए हुए हूं। प्रदेश अध्यक्ष सांसद बीडी शर्मा भी इसके लिए प्रयासरत है, कलेक्टर अवि प्रसाद भी पूरा सहयोग कर रहे है,इस मामले में अगले सप्ताह ट्रांसपोर्टरो अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित निर्णय लिया जाएगा मौके पर मौजूद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएम तिवारी, राजा जगवानी ने पूरा सहयोग देने के लिय कहा।

निरीक्षण के दौरान ,एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,रमेश सोनी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव पूर्व पार्षद राज किशोर यादव ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष बीएम तिवारी, राजा जगवानी, कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा, सुधीर मिश्रा,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्र सहा यंत्री आदेश जैन,सुनील सिंह, उपयंत्री अश्वनी पांडेय,विक्रांत ब्राह्मण, मृदुल श्रीवास्तव, एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# डीआरएम ने किया स्टेशन व यार्ड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा संरक्षा की दृष्टि से कटनी रेलखंड का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री शील ने इस रेल खंड (जबलपुर- कटनी) पर संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओ.एच.ई.लाइन, सम्बद्ध उपकरण, तथा सिग्नलिंग आदि का निरीक्षण किया एवं उनकी कार्य क्षमता को परखा। संरक्षा के तहत जबलपुर से ट्रेन में कटनी पहुंचने के पश्चात कटनी स्टेशन एवं कटनी यार्ड का पैदल निरीक्षण किया गया जिसमें पॉइंट नंबर 105 बी एवं रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण करते हुए स्लीपर स्पेसिंग गैप, रेलवे ट्रैक को देखा। स्टेशन के क्रॉसओवर, टर्न आउट, क्रॉसिंग, चेक रेल, टर्नआउट गेज और रेलखण्ड पर बने ऑपरेटिंग एवं



इंजीनियरिंग लेवल क्रासिंगों का निरीक्षण किया। कटनी स्टेशन पर प्लेटफार्म का भी निरीक्षण करते हुए सीएचआई को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए एवं सीएनडब्ल्यू के रोलिंग चेक करने वाले स्टाफ के कार्य को चेक करते हुए सभी अधिकारी सुपरवाइजर एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से संरक्षा बनाए रखने एवं सुरक्षा से कार्य करने के लिए निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील ने उक्त स्टेशन पर चल रहे विकास कार्य का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने रेल लाइन, ब्रिज, एसईजे, हाइड गेज, समपार फाटक, टर्नआउट, ट्रैक फॉरमेशन एवं स्टेशन पर आधारभूत संरचनाओं, के विकास की कार्य योजना के संदर्भ में हो रहे कार्यों के बारे में भी वार्तालाप की।

# कबीर मंदिर में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आरती एवं भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शनिवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित संत शिरोमणि सदगुरू कबीर साहब के मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की भी देखने को मिली। सुबह मंदिर में सबसे पहले आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। तत्पश्चात झंडा चढ़ाया गया।

### कन्याभोज का आयोजन

कार्यक्रम के दूसरे चरण में सबसे पहले कन्याभोज का आयोजन किया गया। कन्याभोज के बाद आम भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें



बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम आयोजन के दौरान हल्की बारिश भी हुई जिससे मौसम और भी सुहाना और कूल कूल हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सखारामजी कोरी, चम्मूलाल कोरी, चैतू पटैल, राजेन्द्र कोरी, प्रकाश कोरी, अवधेश दाहिया, शंकर लाल कोरी, शिवकुमार कोरी, आनंदराम कोरी, श्रीमति रानी बाई कोरी, मीना कोरी, जीराबाई कोरी, रोशनी कोरी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति रही।

*कोतवाली थाना के गायत्री नगर क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात*

# ज्लेलर्स दुकान का ताला तोड़कर घुसे चोर, पांच लाख के जेवरात किये पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत गायत्री नगर स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी से पहले चोरों ने दुकान के बाहर लगी चैनल शटर को तोड़कर अंदर की शटर को उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। दुकान रखे लाखों रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

### पड़ोसी ने दी जानकारी

दुकानदार का कहना है कि सुबह पड़ोसी के द्वारा सूचना दी गई कि दुकान की शटर का ताला टुटा पड़ा है। और दुकान का शटर खुला हुआ



है। जिसके बाद वे दुकान पहुंचे और देखा तो दुकान के अंदर रखे लाखों रुपया मूल्य के जेवरात गायब थे, दुकान के अंदर पूरा सामान भी अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था।

जानकारी के अनुसार गायत्री नगर क्षेत्र के राम मंदिर के सामने स्थित लक्ष्मी ज्वेलर नाम से रामकुमार सोनी की सोना चांदी की दुकान है। रोज की तरह रात 9 बजे दुकान बंद कर वह घर चला गया। सुबह आसपास के लोगों ने फोन कर बताया की आपके दुकान का शटर खुला हुआ है। जब आ कर देखा की दुकान का शटर टूटा हुआ है। जब दुकान में घुसा तो सारा सामान दुकान का बिखरा हुआ था, दुकान से चोरों ने करीब 5 लाख का सोना चांदी चुरा कर अपने साथ ले गया। इसके बाद घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी।

### जांच में जुटी पुलिस

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया की चोरी की घटना की जानकारी मिली है। सूचना मिलने के साथ पुलिस टीम मोके पर पहुंची है। तत्काल डॉग स्क्वाड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने पहुंचकर जांच शुरू की है। घटना की जांच कराई जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला रही है।

## तीन नवीन पाठ्यक्रमों के साथ छात्रों को मिलेगी बस सुविधा

# तिलक कॉलेज को मिला प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 15 मार्च 2024 को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी को उन्नयन करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का दर्जा दिया गया। जिसके तहत महाविद्यालय में 34 शैक्षणिक पद एवं 05 तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पद ,कुल 39 पद सृजित किए गए।

महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए 17 अध्यापन कक्ष, 10 नवीन उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय एवं ई- पुस्तकालय की सुविधा, खेलकूद में रुचि रखने के वाले छात्रों के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड, ग्रीन कैंपस, एवं ऑडिटोरियम इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस बनने से महाविद्यालय में




आसपास से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बस सेवा की शुरुआत की जा रही है जिसके लिए बस का अनुबंध कार्य किया जाना है बस की सुविधा सभी छात्र-छात्राओं के लिए 1 जुलाई से प्रारंभ की जानी है। महाविद्यालय में स्ववित्तीय योजना अंतर्गत बैचलर आफ एजुकेशन(बी.एड.) का दो वर्षीय पाठ्यक्रम जिसमें सीट की संख्या 50 निर्धारित की गई है जो इसी सत्र से प्रारंभ होने जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्ववित्तीय आधार पर क्रिस्प के अंतर्गत बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम एवं बीएससी मार्केटिंग एंड सेल्स (फार्मा एंड मेडीटेक) का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से प्रारंभ होने जा रहा है । इन दोनों पाठ्यक्रम में छात्रों की संख्या 30-30 निर्धारित की गई है। इसमें 100 प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी शासन द्वारा दी गई है । उक्त पाठ्यक्रमों हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से इसमें प्रवेश पा सकते हैं।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एस के खरे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निश्चय ही यह हर्ष का विषय है कि इन पाठ्यक्रमों को महाविद्यालय में प्रारंभ किया जा रहा है । इन पाठ्यक्रमों के महाविद्यालय में प्रारंभ हो जाने से छात्र-छात्राओं को रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। साथ ही आई आई टी नई दिल्ली से सम्बद्ध आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से संबंधित 2 अन्य पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से आरंभ किये जाने हैं। गौरतलब है कि पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का वर्चुअल उद्घाटन 1 जुलाई को भोपाल से माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए कॉलेज में तैयारियां शुरू कर दी गई है इसमें कॉलेज भवन की रंगाई, पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य पी.डब्ल्यू डी विभाग द्वारा त्वरित गति से कराये जा रहे है। गेट पर लगे बोर्ड को नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार नए कलेवर से लगाया जाएगा।

# महिला यात्री का पर्स चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार, नकदी-जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ट्रेन में सफर के दौरान एक महिला यात्री का पर्स छीनकर फरार हुए आरोपित को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी प्रभारी अरूणा वाहन ने बताया कि शनिवार को थाना जीआरपी कटनी एवं रीवा का स्टाफ द्वारा स्टेशन भ्रमण कर रेल्वे स्टेशन कटनी में चोरी हुए अपराध की विवेचना थाना प्रभारी रीवा को देख कर जिला छत्तीसगढ कोरिया रवाना किया गया था। जहां आरोपी विशाल रजक पिता महेश रजक 24 वर्ष निवासी रेलवे क्वार्टर कटोरा के पीछे थाना पटना जिला कोरिया का मिला जिसे थाना हाजा के अपराध में पूछताछ की गई जो दिनांक 26.01.24 के रेलवे स्टेशन कटनी पर धीरे धीरे चल रही ट्रेन प्रयागराज से मुम्बई जाने वाली साकेत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर



रही महिला ममता सिंह पति मनोज कुमार सिंह उम्र 53 वर्ष निवासी मझगवां गोहदपुर दुर्गा वंसल कोटा स्टोर के पीछे थाना नाका जिला अयोध्या लेडीस पर्स छीनकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग जाना बताया जो आरोपी के कब्जे से नगदी 10,000/- रुपये, एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल, सोने की झुमकीयां, सोने की 2 अंगुठियां कुल कीमती 1,59,452/- रुपये का मशरुका जप्त किया जाकर थाना हाजा के अप.क्र. 72/24 धारा 379 भादवि मे उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।इस कार्य मे लगे अधिकारी व कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक रेल द्वारा नगद ईनाम से पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है। निरीक्षक अरूणा वाहने, उप. निरी. आर.एस. ठक्कर, प्र. आर. रघुराज सिंह परमार, आर निशांत पाठक, नवाब पटवा, अभिषेश सिंह, आकृति मिश्रा की भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### हादसे में घायल एक बहन की मौत, दूसरे का पैर टूटा

**कटनी।** हादसे में दो बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनो को उपचार के लिए बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बहन के पैर की हड्डी टूट गई। यह घटना तहसील मुख्यालय बरही से 15 किलोमीटर दूर उमरिया जिले के इंदवार थानाक्षेत्र के अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम चिल्हारी की है। शनिवार को बरही पुलिस ने मृतका का पंचनामा कार्यवाही एवं पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम चिल्हारी निवासी नंचु काछी पति कनछेदी 45 वर्ष, विमला पति हेतराम काछी 40 वर्ष दोनों सगी बहने एवं देवरानी-जेठानी है। दोनों शुक्रवार की सांय करीब साढ़े 7 बजे खेत से घर लौट रही थी, तभी गांव के डामर प्लांट के पास बाइक की जोरदार ठोकर लगी। दोनों बहनें घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नंचु काछी की दर्दनाक मौत हो गई, तो वही घायल दूसरी बहन का पैर टूटने के चलते बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि लापरवाह बाइक चालक को पकड़कर ग्रामीणों ने अमरपुर चौकी पुलिस के हवाले कर दिया है।

### 15 महीने से फरार युवक को किया गिरफ्तार

**कटनी।** वन्यप्राणी पेंगुलिन की तस्करी में लंबे समय से फरार एक आरोपित को ग्राम महनेर से गिरफ्तार किया गया है। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश (एसटीएसएफ) क्षेत्रीय इकाई जबलपुर एवं वनमंडल कटनी के द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से कार्यवाही की। ग्राम मनहेर से प्रहलाद सिंह पिता बहादुर सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स इकाई जबलपुर के द्वारा वन अपराध प्रकरण में वन्यप्राणी पेंगोलिन की तस्करी के संबंध में पंजीबद्ध किया गया था। उल्लेखनीय है कि विगत 01 वर्ष 03 माह से उक्त आरोपी फरार था जिसे स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा पकडने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे थे। आरोपी को सीजेएम न्यायालय जबलपुर में पेश किया जायेगा। प्रकरण में पूर्व में 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### खेत जाने के लिए निकले युवक की मिली लाश

**कटनी।** घर से खेत जाने निकले युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। मामला स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत गुदरी गाँव का है। जानकारी के अनुसार गुदरी गाँव निवासी फूलचंद आदिवासी 30 वर्ष घर से खेत जाने गुरुवार रात को निकला था। सुबह ग्रामीणों ने एक शव उसके खेत के पास गढ्ढे में पड़ा देखा। ग्रामीणों ने शव देख उसकी पहचान फूलचंद आदिवासी के रूप में की गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने संरक्षण में लेते हुए पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा और घटना को जांच में लिया है। फूलचंद के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या कर शव खेत पास गढ्ढे में फेंका गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### अलग अलग हादसों में दो युवकों की मौत

**कटनी।** अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। हादसे बरही थाना व बड़वारा थाना क्षेत्र में हुए। जानकारी के अनुसार बहिरघटा मोड़ के पास सोनू पटेल पिता सुरेश कुर्मी पटेल 20 निवासी बहिरघटा की सड़क हादसे का शिकार हो गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। इसी प्रकार बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव रतन गोड़ पिता विशम्बर गोड़ 30 निवासी हरदुआ थाना ढीमरखेड़ा की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दोनो ही मामले में सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

खेती किसानी के लिए होता है अमृत, गर्मी और उमस से भी मिलती है निजात

# कई बीमारियों की खेप लेकर पहुंचता है बारिश का मौसम, बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारिश का मौसम वैसे तो सभी को भाता है, बरसात का मौसम जहां खेती-किसानी के लिए अमृत समान होता है वहीं दूसरी ओर यह मौसम लोगों के लिए बीमारियों की सौगात लेकर भी पहुंचता है। बारिश के कारण जगह जगह जल जमाव हो जाता है। आबादी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति, जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मच्छर पनपने लगते हैं। यदि साफ पानी का जमाव है तो भी और गंदे पानी का जमाव तो पहले से नुकसानदेह है। पानी में ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं।

कड़ी धूप, उमस भरी गर्मी से एक ओर जहां मानसून की बारिश निजात दिलाती है। वहीं दूसरी ओर इस मौसम में कई जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बारिश की पानी से जलजमाव होने के कारण बीमारियां दस्तक देती है। ऐसे में जरूरी है कि इन बरसाती बीमारियों से बचने के लिए हम



सावधानी बरतें। खासकर बदलते मौसम एवं बारिश में खान-पान, शुद्ध पेयजल पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौसम में बच्चों पर भी विशेष निगरानी एवं उसके रहन-सहन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि उन्हें जलजनित बीमारियों से बचाया जा सकता है।

चिकित्सकों के अनुसार बरसात के मौसम में डायरिया और पेचिस जैसे रोगों से बच्चे अधिक पीड़ति होते हैं। इस मौसम में जलजनित रोगों से बचने के लिए बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही ताजा भोजन, शुद्ध पानी का सेवन करना चाहिए। दूषित पानी व भोजन से पूरी तरह परहेज करना चाहिए।

#### बच्चों का रखें विशेष ध्यान

डाक्टरों का कहना है कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस वजह से बच्चे इसके ज्यादा शिकार बन जाते हैं। बारिश में लगातार भीगने के कारण कई बच्चों को निमोनिया भी हो जाता है। सांस लेने में परेशानी होने लगती है। ऐसा होने पर डाक्टरों से तुरंत सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों को बारिश से बचाना बहुत जरूरी होता है।

चिकित्सकों का कहना है कि बरसात के इस मौसम में जांडिस, डायरिया, लेप्टोस्पाइरोसिस आदि बीमारी की संभावना काफी बढ़ जाती है। इन बीमारियों से बचाव के लिए इनके लक्षणों को भी जानना जरूरी है। जांडिस के लक्षणों में त्वचा पीला पड़ना, आंखे सफेद, भूख कम लगना, तेज बुखार, पेशाब गाढ़ा, सिरदर्द, कब्ज, लीवर में दर्द। इसके कारण- दूषित पानी के पीने से यह बीमारी हो सकती है। इसके चलते लीवर में जलन और पथरी की समस्या पैदा कर सकता है। अनुचित भोजन भी बड़ा कारक है। वहीं डायरिया होने पर पेट दर्द, मितली आना, तेज बुखार, भूख न लगना, पतली दस्त की शिकायत होती है। इसके मुख्य कारण दूषित पानी का सेवन तथा वाइरल संक्रमण है।

# निराश्रित गौवंश के प्रबंधन संबंधी बैठक 28 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिले के राजमार्गों एवं सड़कों पर मौजूद निराश्रित गौवंश के प्रबंधन तथा वर्ष 2024-25 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल से जून 2024) की अनुदान राशि गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश के भरण पोषण हेतु गौशालावार गौवंश की जानकारी को मध्यप्रदेश .गौसंवर्धन बोर्ड के बेब पोर्टल पर डाटा पृविष्टि की जानी है। इस संबंध में 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गयी है।

#### बैठक में पहुंचने अपील

समिति के सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह ने आयोजित बैठक में अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति, मनोनीत उपाध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा, शास्त्री कालोनी, मनोनीत अशासकीय सदस्य राहुल दुबे, जुहली मडई गाँव, अमिता श्रीवास पंकज आरख सहित पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, वन मण्डलाधिकारी, वन विभाग, उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, आयुक्त, नगर निगम, उप संचालक कृषि, सचिव मंडी बोर्ड, प्रबंधक ऊर्जा विकास निगम जबलपुर एवं प्रबंधक, दयोदय पशु सेवा केन्द्र, कैलवारा, कटनी, माँ शारदा गौशाला एवं पर्यावरण समिति, जमुआनीकलों, नंद गौशाला समिति, ग्राम-ताली रोहनिया, ग्रा०पं०-कुठियामहगयों, तहसील बरही से आयोजित बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

#### पोर्टल में होगा अपलोड

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन, पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राजमार्गों एवं सड़कों पर मौजूद निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के संबंध में जारी निर्देशों के परिपालन एवं म०प्र० गौसंवर्धन बोर्ड, भोपाल द्वारा मुख्यमंत्री गौसेवा योजना, पंजीकृत अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं को वर्ष 2024-25 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल, मई एवं जून 2024) की अनुदान राशि गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश के भरण पोषण हेतु गौशालावार गौवंश की जानकारी म.प्र. गौ संवर्धन बोर्ड के वेब पोर्टल पर जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति कटनी की अनुशंसा के उपरांत अपलोड किया जाना है।

दो पालियों में हुई परीक्षा, उड़नदस्ता टीम ने किया निरीक्षण

# तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई परीक्षा में 666 परीक्षार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रानी दुर्गावती विश्विद्यालय जबलपुर के द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय सेमेस्टर की संचालित परीक्षा का निरीक्षण उड़नदस्ते की टीम द्वारा शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में किया गया। इस उड़नदस्ते टीम के संयोजक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी, समिति सदस्य डॉक्टर आरके गुप्ता डॉक्टर सरदार दिवाकर द्वारा आयोजित परीक्षा का निरीक्षण किया गया। आरडीवीवी, जबलपुर के द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय सत्र की परीक्षा कटनी के शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित हो रही हैं। उड़नदस्ते के टीम ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 671 परीक्षार्थी में से 666 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं और 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें हैं। बीएड द्वितीय सत्र की



परीक्षा सुबह की पाली 7 से 10 बजे में आयोजित हो रही हैं।

उड़नदस्ते की टीम ने आज निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र मैं समय पर उपस्थित होकर परीक्षा देने, परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार की नकल सामग्री को न लानें अन्यथा की स्थिति मे यूएफएम होने पर परीक्षार्थी को नुकसान होनें के संबंध मे जानकारी दी। उड़नदस्ते की टीम ने सभी परीक्षार्थीयों से कहा कि समय के प्रबंधन के साथ पढ़ाई करके अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। प्रोफेसर व्ही के द्विवेदी ने कहा कि बीएड की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी भविष्य के शिक्षक है और हम लोग उम्मीद करते हैं कि ये सभी लोग शिक्षक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग भी आने वाले समय में प्रदान करेंगे। वरिष्ठ केंद्र अधीक्षक प्राचार्य डॉ एस के खरे ने कहा कि शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में आयोजित परीक्षाएं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा रही हैं। डॉ एस के खरे ने कहा कि तिलक महाविद्यालय का यही प्रयास होता है कि परीक्षा का संचालन व्यवस्थित रूप से हो और परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों। इस अवसर पर तिलक महाविद्यालय के सुबह की पाली के केंद्र अधीक्षक डॉ रुक्मणि प्रताप सिंह, सहायक केंद्र अधीक्षक श्री आनंद प्रताप सिंह, स्थाई वीक्षक डॉ विजय कुमार और परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में शामिल मनीष मिश्रा, शुभम रैकवार, सुभाष सोंधिया, कालूराम केवट और रामगोपाल भी मौजूद रहें।

## योग दिवस पर 500 एनसीसी छात्रों ने लिया भाग




पीएम केंद्रीय विद्यालय एनकेजे कटनी में 4 एमपी स्वतंत्र कंपनी एनसीसी की तरफ से संयुक्त योग दिवस मनाया गया जिसमें कटनी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से आए लगभग 500 एनसीसी कैडेटस एवम छात्रों-छात्राओं ने योग दिवस में भाग लिया एवं योग के महत्व को समझा केंद्रीय विद्यालय की कैडेट शेफाली सिंह ने अपने दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया साथ ही नियमित योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया कार्यक्रम में उपस्थिति कार्यक्रम में डॉक्टर नवल किशोर पचौरी प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय एनकेजे कटनी , लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह, जेसीओ मेला राम ,मेजर सरदार दिवाकर ,थर्ड ऑफिसर जयनारायण तिवारी , समस्त पी स्टाफ एवं केंद्रीय विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह द्वारा कैडेट शेफाली सिंह एवं योगा शिक्षक अमित लोधी को मोमेंटो देकर योग दिवस पर प्रोत्साहित किया गया|इस योग दिवस में कटनी शहर के ऑर्डनेंस फैक्ट्री स्कूल केंद्रीय विद्यालय एनकेजे कटनी तथा बर्डस्ले स्कूल के कुल 500 छात्र-छात्राओं तथा कैडेट्स ने अपनी सहभागिता दी।

# अवकाश के दिनों में भी कार्य करेगा बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष, नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने आगामी मानसून एवं वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, आपदा नियंत्रण कक्ष (बाढ राहत) क्रमांक 99 को 15 जून से 24 घंटे सातों दिवस संचालित करने के निर्देश दिये है। कंट्रोल रूम का नंबर 07622 220071 है। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक-99 का नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर का बनाया गया है। जबकि सहायक नोडल अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग को नियुक्त किया जाकर इनके मार्गदर्शन में अवकाश दिवसों शनिवार एवं रविवार को तीन शिफ्ट मे 2-2 कर्मचारियों की आगामी आदेश पर्यन्त तक डयूटी लगाई जाकर निर्धारित दिवस व समय अनुसार डयूटी में उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया गया है।

आपदा नियंत्रण कक्ष में संलग्न कर्मचारियों को नियमित रूप से निर्धारित दिन एवं समय में डयूटी पर उपस्थित रहनें तथा ड्यूटी पर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कि विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया है। संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित समयानुसार अगले पाली के दल को रजिस्टर पंजी एवं अन्य जानकारी से सूचित करने के बाद भी आपदा नियंत्रण कक्ष छोडनें, बाढ़ आपदा की समस्त जानकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक सहायक नोडल अधिकारी लोक सेवा प्रबंधन विभाग को सूचित करेंगे तथा समय-समय पर डीसीसीसी सुपरवाईजर को भी अवगत करानें हेतु निर्देशित किया गया है।

#### जिले में अब तक 21.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून से 22 जून तक कुल 21.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 1.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 22 जून 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 39.2 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 31.1 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 2.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 23.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 26.5 मिमी, बहोरीबंद मे 7.2 मिमी, स्लीमनाबाद में 13.0 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 29.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में मनाया गया योग दिवस

# विद्यार्थियों, कर्मचारियों ने किया योग अभ्यास, महत्व की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा महाविद्यालय में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया एवम सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रोशनी पांडेय के निर्देशन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के द्वारा 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गरिमामय तरीक़े से मनाया गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 के लिए ₹स्वयं और समाज के लिए योग₹ थीम निर्धारित की गई थी। महाविद्यालय में दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-



छात्राओं को सामान्य योगाभ्यास कराया गया एवं योग के महत्व के बारे में भी बताया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय ने भी योगाभ्यास को प्रतिदिन करने के लिए प्रेरित किया। योग के विभिन्न आसनों के साथ थैरेपी की भी जानकारी दी। प्राचार्य ने बताया कि योग करने से मन के साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है तथा विभिन्न बीमारियों यथा मधुमेह, उच्च रक्त चॉप, घुटने व कमर के दर्द माइग्रेन की परेशानियों से आसानी से मुक्ति पाई जा सकती है।

क्रीड़ा प्रभारी डॉ आदित्य गढ़ेवाल ने अनुलोम विलोम, कपालभाति, मण्डूकासन, वज्रासन, पद्मासन जैसी योग क्रियायों से सभी को अवगत कराया व स्वस्थ रहने के तरीके बताए। उन्होंने बताया प्रतिदिन योग करिए जिससे सभी का शरीर स्वस्थ रहता है। योगाभ्यास के दौरान डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ.सुजीत सिंह, संजय वर्मन एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र छात्राओं आनंद कुमार, रिंकी कुशवाहा, एवं आरती विश्वकर्मा ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। इसके साथ साथ दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹स्वयं और समाज के लिए योग₹ पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- योगासन सेल्फी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन भी किया गया । जिसमें महाविद्यालय के स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं अन्य नागरिकों ने भी भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य योग के प्रचार - प्रसार के साथ साथ योग के महत्व को जानना एवं योग से सम्बन्धित जानकारियों को साझा करना था। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी दिये गए।

चार परीक्षा केन्द्रों में दो पारियों में होगी परीक्षा, व्यवस्थाओं के निर्देश

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज, 1668 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा जिले में रविवार 23 जून को 4 परीक्षा केन्द्रों पर ओएमआर पद्धति से दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक आयोजित होगी।

जिले के चिन्हित 4 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में कुल 1668 नामांकित अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होगें।

#### संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा जबलपुर संभाग हेतु संभागीय पर्यवेक्षक आशुतोष अवस्थी, सेवानिवृत्त आई.ए.एस को नियुक्त किया गया है। संभागीय पर्यवेक्षक के सहयोग हेतु लाइजनिंग ऑफिसर के कार्य हेतु महेन्द्र कुमार शुक्ला आबकारी उप निरीक्षक को दायित्व सौंपा गया है।



#### नियुक्त किये गए केन्द्राध्यक्ष

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा 23 जून को निर्धारित 4 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के सफल और सुचारू संचालन के लिये प्राचार्य एवं विद्यालय प्रभारियों को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार सरस्वती श्री विष्णु वेद हायर सेकेंडरी स्कूल हेतु रामनारायण पाण्डेय को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस केन्द्र में नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या 400 है। इसी प्रकार सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस स्टेण्ड हेतु अभिषेक बैनर्जी को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस केन्द्र के अभ्यर्थियों की संख्या 500 है। वहीं सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज के.डी.सी, हेतु आशीष श्रीवास्तव को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस केन्द्र में नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या 500 है।

इसी तरह शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर परीक्षा केन्द्र हेतु एम किडो को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा केन्द्र में नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या 268 है।

#### परीक्षा के दौरान विद्युत व्यवस्था निर्बाध रखने के निर्देश

कलेक्टर अवि प्रसाद ने परीक्षाओं के सफल और सुचारू संचालन के लिये 23 जून को चिन्हित चार परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के निर्धारित समय एवं जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय व जिला कोषालय कार्यालय में एवं गोपनीय सामग्री वितरण एवं जमा करें संबंधी आवश्यक कार्यवाही के दौरान विद्युत व्यवस्था निर्बाध रखने के निर्देश मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल कटनी के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री शहर एवं संभागीय यंत्री को दिये है।

#### चिकित्सकीय स्टाफ, एंबुलेंस व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश

कलेक्टर अवि प्रसाद ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय को 23 जून का जिले अंतर्गत चार परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली निर्धारित दोनों पारियों की परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षा केंद्र मे आवश्यकतानुसार चिकित्सक, दवाइयां व स्टाफ सहित एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

# योजनाओं का लाभ लेने किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज,सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन हेतु बेब ब्राउजर पर kisan.mp.gov.in के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें। जिले के किसान भाई, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए वेब ब्राउजर पर जाकर यूआरएल के माध्यम से कृषक भाई स्वयं ही पंजीयन कर सकते हैं। किसान पोर्टल पर जाने के लिए दिए गए यूआरएल वेब ब्राउजर पर अंकित करें। कृषि योजना में पंजीयन करने के लिये कृषि योजना के लिये पंजीयन पर क्लिक करें।

कृषि योजना के लिये पंजीयन करे, लिंक पर क्लिक करने बाद नए टैब मे पंजीयन पेज ओपन हो जाता है तथा पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण - पत्र यदि आवेदक अनु.जाति,अनु.जनजाति का हो तो जानकारी ध्यान पूर्वक पढ़े और आगे बढ़े बटन पर क्लिक करने के बाद, किसान पंजीयन फार्म प्रदर्शित हो जाता है जहां दो ऑप्शन प्रदर्शित होते है। आधार नंबर द्वारा पंजीयन अथवा भू-अभिलेख द्वारा पंजीयन करें आप्शन में से किसी एक ऑप्शन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं अथवा नजदीकी ऑनलाईन पर जाकर भी अपना पंजीयन करा सकते है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व जनपद सदस्य पंडित छोटेलाल पाठक का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त

**पवई।** जनपद पंचायत पवई की ग्राम सिमरिया गुलाब सिंह के प्रतिष्ठित पाठक परिवार के मुखिया पंडित छोटेलाल पाठक पूर्व जनपद सदस्य का शनिवार 11:30 बजे निधन हो गया वह 65 वर्ष के थे, और कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे उनके निधन से पवई क्षेत्र सहित जिले में शोक की लहर व्याप्त है उनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम सिमरिया गुलाब सिंह मे विधिविधान से किया जाएगा।

### अमचुई के ग्रामीणों ने राशन न मिलने से जताई नाराजगी, किया चकाजाम

**पन्ना।** भ्राष्टाचार चरम पर है। जिले में प्राशसनिक मोनिटरिंग व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। राशन माफिया तंत्र बैठा है जो गरीबों के निवाले में डाका डाल रहें हैं। ताजा मामला पन्ना जिले के ग्राम अमचुई से सामने आया है। जहां अमचुई से चलकर करीब 8 किलोमीटर की दूरी तय कर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में रानीपुरा राशन दुकान पहुंचे जहां हमेशा ताला जड़ा रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है।कि उन्हें तीन माह का राशन नहीं मिला है। जिसके चलते वह काफी परेशान हैं ग्रामीणों द्वारा कई वार जिम्मेदारों से शिकायत भी की लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने बताया राशन ब्लेक कर गरीबों का हक छीना जा रहा है।

### नेत्र शिविर का किया आयोजन

**पथरिया।** देवजी नेत्रालय जबलपुर के डां.पवन स्थापक द्वारा नगर के देव संकट मोचन हनुमान मंदिर पथरिया में हर महीनें के तीसरे रविवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस बार 10 मरीजों के मोतियाबिंद के आपरेशन हुए। उक्त शिविर की जानकारी स्थानीय स्तर पर राजू भार्गव, बृजेश तिवारी, पी.एस राजपूत से संपर्क कर सकतें हैं।

### योग हमारी कार्य क्षमता बढ़ाता है: बहन जी

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय में कार्यक्रम रखा गया। बहन जी ने सभी को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का सर्वांगीण विकास करता है। आज हम सिर्फ एक दिन ही नहीं परंतु योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। तन के साथ-साथ मन को ठीक करने के लिए हमें योग करना अति आवश्यक है क्योंकि मन ठीक होगा तो तन भी ठीक होगा। तन की बहुत सारी बीमारियां मन से जुड़ी हुई होती हैं इसलिए मन को भी ठीक करना होगा। आगे आपने कहा योग कला हमारी प्राचीन संस्कृति की देन है। हमारे पूर्वज योग किया करते थे इसलिए स्वस्थ रहते थे योग हमारे मन की सुषुप्त शक्तियों को जागृत करता है। दुनिया को हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराने के लिए भारत में और विदेशों में भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है लेकिन राजयोग (ध्यान) हमारे शरीर और मन को तो स्वस्थ रखता ही है साथ में हमें परमात्मा से भी जोड़ता है। राजयोग के अभ्यास से आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जैसे जीने के लिए हवा जरूरी है, वैसे राजयोग हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है, योग जीवन जीने की एक कला है। आज के आधुनिक जीवन में लोग काफी तनाव डिप्रेशन में रहते हैं तनाव को दूर करने के लिए योग एकमात्र इलाज है। दिनभर में कम-से-कम 30 मिनट भी योग किया जाए, तो शरीर और मन ही नहीं बल्कि आत्मा को भी सभी विकृतियों से मुक्त कर सकते हैं। राजयोग अर्थात आत्मा का परमात्मा से कनेक्शन। राजयोग से हमारा हर संकल्प शांति, सुख, प्रेम से भरपूर होता है तब हमारा जीवन सहज सरल सदा खुशनुमा बन जाता है और इसका असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है।

## बस स्टैंड स्थित खंडहर सराय को प्रशासन ने कराया ध्वस्त

# कब्जाधारियों के चंगुल से मुक्त हुई वर्षों पुरानी सराँय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



वर्षों से चली आ रही जनपद पंचायत की कागजी कार्यवाही की समय-सीमा समाप्त होने के बाद राजस्व एवं नगरपालिका द्वारा नियमानुसार शासकीय भूमि पर स्थित करीब वर्षों पुरानी सराँय को अवैध कब्जाधारियों द्वारा कब्जा जमाकर दुकानें संचालित की जाती थी उसे हटाने की मुहिम चलाते हुए शनिवार के दिन जनपद पंचायत राजस्व विभाग एवं नगरपालिका प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई जिसमें सीईओ जनपद बीएस यादव प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढ़ार सीएमओ राजेन्द्र खरे नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल सहित नगरपालिका अमला की उपस्थिति में खंडहर पड़ी सराँय को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई।नगर के मुख्य बस स्टेंड के बीचों-बीच करीब 50 वर्षों पूर्व सराँय बनी हुई थी जो जनपद पंचायत एवं नगरपालिका के अधीन थी जहां आनें वाले मुसाफिर उस सराँय में रूकते थे और धीरे-धीरे वहां का माहौल बिगड़ता देख आगे जाकर इस सराँय में मुसाफिरों का रूकना बंद हो गया था और उसी के बाद बंद हो चुकी सराँय भवन के आसपास लोगो द्वारा इस शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपना कब्जा जमा लिया गया था एवं उसी खंडहर भवन के अंदर बाहर कई वर्षों से काबिज थे जिसमें कई दुकानों से लेकर गोदाम आदि का कारोबार इसी जगह से बराबर संचालित किया जा रहा था।जिसको डिस्मेंटल करने की कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किया गया था कि जीर्ण शीर्ण पड़ें सरकारी भवन जो काफी समय के हो चुके है और खंडहर की स्थिति में है वहीं कोई अप्रिय घटना न हो वहीं सराँय को डिस्मेंटल कार्यवाही पूर्व जनपद पंचायत कार्यालय द्वारा 24 लोगो को नोटिस जारी कर खाली करनें के नोटिस पूर्व में जारी किए गये थे जिसमें 18 दुकानें जनपद अंर्तगत नगरपालिका के दायरे में 5 दुकानें शामिल थी वही 3 दुकानों का हाईकोर्ट से स्टे होने के कारण कार्रवाई पर रोक लगा दी गई तो दूसरी ओर पुराने जनपद कार्यालय को भी एक सप्ताह के भीतर खाली करानें के आदेश सीईओ द्वारा दिए गये जो आगामी दिनों में उसे भी डिस्मेंटल किया जाएगा।

# पोलियो से बचाव के लिए बूथ चलो अभियान आज

### बूथ पर लाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा अवश्य पिलायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने कहा कि पोलियो का कोई ईलाज नहीं, दो बूंद हर बार है बचाव सही। उन्होंने जिले के नागरिकों से आग्रह करते हुये कहा है कि पोलियो से बचाव के लिए पोलियो रविवार, बूथ चलो अभियान आज 23 जून को शून्य से 5 वर्ष के सभी बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर प्रातः 8 से शाम 4 बजे के दौरान लाकर पल्स पोलियो की दो बूंद अवश्यि पिलाएं।
सी.एम.एच.ओ. डॉ. बेक ने बताया कि आज 23 जून को संपूर्ण दमोह जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जायेगी। आप सभी से आग्रह है कि अपने बच्चों को विकलांगता से बचाव के लिए पल्स पोलियो दवा "दो बूंद जिंदगी" की अवश्य पिलायें। आपकी सुविधा के लिए आपके वार्ड, ग्राम के नजदीक ही अभियान के पहले दिवस 858, बूथ बस स्टेंड, रेल्वे स्टेशन, समस्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थालओं पर बूथ बनाये गये है। पोलियो से बचाव के लिए पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएँ, ताकि पोलियो वापिस ना आ सके। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रेक्सन अल्बर्ट ने बताया जिले में शून्य से 5 वर्ष तक के 02 लाख 01 हजार 250 पचास बच्चों को पोलियोरोधी वैक्सीन की खुराक पिलाने का काम आज 23 से 25 जून तक किया जायेगा। तीन हजार एक सौ सत्तर कर्मचारी इस कार्य के लिए तैनात किये गये है। जिसमें ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, सी.एच.ओ., एल.एच.व्ही. सहित ओजस्विनी, सी.आई.सी.एम. नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राएं वालेंटियर के रूप में शामिल है। 24 एवं 25 जून को स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के संयुक्त अमले द्वारा सभी छूटे हितग्राहियों के घर-घर जाकर पोलियोरोधी दवा पिलाने का कार्य किया जायेगा। इस हेतु 1,419 टीम तैनात की गई है। पल्स पोलियो अभियान के तहत यह सुनिश्चित करने के लिए कि 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से न छूट पाये, इस हेतु 40 मोबाइल टीम बनाई गई हैं जो कि पहुंच विहीन क्षेत्र, ईंट-भट्ठा क्षेत्रों माइग्रेटरी साईट पर जाकर पोलियो की वैक्सीन पिलायेंगे और 249 सुपरवाईजर मॉनीटरिंग का कार्य करेंगे।

# योग को अपने जीवन का अंग बनाएं-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आवाहन किया है लोगों को स्वयं के लिए और समाज के लिए योग करना चाहिए और योग को हम दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं इस आवाहन को दृष्टिगत रखते हुए 21 जून को योग दिवस का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था। उन्होंने कहा योग दिवस का कार्यक्रम केवल सालाना उत्सव बनकर न रह जाये। यह लोगों की दिनचर्या का अंग बने इस उद्देश्य से जन सहयोग से यह प्रारंभ करने का प्रयास किया है कि हर शनिवार को प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक निःशुल्क योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जायें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज इसका एक प्रैक्टिस सेशन रखा गया था, जिससे यह समझ में आया कि इसमें क्या-क्या चुनौतियां हैं और किस तरह से इसको और बेहतर बनाना है। इसके बाद हमने यह निर्णय लिया है कि अगले शनिवार से यह निःशुल्क कक्षाएं हम मानस भवन में प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक चलाएंगे, जैसा कार्यक्रम योग दिवस के दिन हुआ था वैसा ही होगा, उसमें हम अधिकतम 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था रखेंगे, ताकि लोग वहां पर योगासन और प्राणायाम कर सके। हर शनिवार को प्रातः 06 बजे से शुरू होगा और 07 बजे खत्म हो जाएगा। यह सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क होगी। वहां पर मेट, माइक और बाकी चीजों की व्यवस्थाएं जन सहयोग से की जायेंगी।

# घरेलू निस्तार पानी से किचन गार्डन बनाने प्रोत्साहित किया

### 8 किस्म के देशी सब्जी भाजी के बीज निः शुल्क बांटे



**हिण्डोरिया।** नव रचना समाजसेवी संस्थान मोहल्ला जबलपुर एवं एकता परिषद के द्वारा ग्राम छापरी ठाकुर में यहाँ की ग्रामीण महिलाओं को अपने घरेलू किचन गार्डन मे देशी साग- सब्जी उगाने एवं इसके उपयोग के लिये प्रोत्साहित करने निः शुल्क हरी सब्जी भाजी के बीजों का वितरण किया गया। इस सम्बंध में नवरचना समाजसेवी संस्थान मोहला जबलपुर के सचिव संतोष सिंह एवं म. प्र. एकता परिषद के पूर्व समन्वयक सुजात खान ने बताया कि गाँव की घरेलू ग्रामीण महिलाओं को पालक, बैगन, लाल-भाजी, लौकी, टमाटर, मूली, धनिया, भिण्डी इत्यादि 08 किस्म के देशी सब्जी भाजी के बीजों का निः शुल्क वितरण सोमवती लोधी, सुनीता बाई लोधी, पूना बाई, रामरती बाई, मालती बाई, कुन्ती ठाकुर, नीलमणि बाई, ललीता बाई लोधी, देवकी बाई सहित अनेक ग्रामीण महिलाओं मे किया गया हैं। इस बीज वितरण के उदेश्य के सम्बंध मे संतोष सिंह एवं सुजात खान ने बताया कि गाँव- समुदाय अगर अपने घरेलू निस्तार मे नित बेकार बहने वाले पानी का सद-उपयोग अपने घर के पास किचन गार्डन बनाकर कर देशी सब्जी भाजी उत्पादन मे करें। तो उनके परिवार की दैनिक हरी- ताजी. साग-सब्जी, भाजी की जरूरत भी पूरी होगी। घर के बेकार होते पानी का घर एवं गाँव मे बेहतर प्रबन्धन भी सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही अपने स्वंय के श्रम एवं हाथों से पैदा देशी साग- सब्जी से परिवार की सेहत भी बेहतर रहेगी। अंग्रेजी बीज, खाद, दवाईयाँ आदि से उत्पादित बाजारु सब्जियों से मुक्ति मिलेगी।एवं थोड़ा.बहुत सब्जी भाजी का पारिवारिक व्यय भी कम होगा। संगठन एवं संस्थान इस तरह गाँव समुदाय को देशी पध्दति के किचन गार्डन निर्माण हेतु पूरे बुन्देलखण्ड-बघेलखण्ड क्षेत्र में सतत जागरुक करने का काम रहे है। जिसके सार्थक एवं बेहतर परिणाम भी आज सामने आ रहे है। इस मौके पर सभी गाँव- समुदाय के ग्रामीणों से अपने-अपने घरों मे सब्जी भाजी हेतु देशी पध्दति आधारित किचन गार्डन बनाने की अपील की गई।

# सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है- पं उमाशंकर शास्त्री

**तेंदूखेड़ा।** नगर के यादव मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पं उमाशंकर शास्त्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। शास्त्री ने भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। कथा के दौरान भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे।

# प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



**दमोह।** सेडमैप द्वारा ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई बैग मेकिंग में प्रशिक्षित 100 प्रशिक्षार्थियों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रमाण पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा शासन की मंशा हैं महिलाओं को सशक्त करने से ही समाज सशक्त होगा, इसलिए ये छोटी अवधि की ट्रेनिंग बहुत महत्व रखती हैं। हर महिला को अपने स्किल का महत्व समझते हुए समाज में एक अलग स्थान पाना हैं और स्वावलंबी बनना है। साथ ही दूसरी महिलाओं को भी प्रशिक्षित कर स्वलंबी बनाना हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सेडमैप महिलाओं को अपग्रेड स्किल उपलब्ध कराए जिससे नई टेक्नॉल्जी से महिलाओं द्वारा कार्य किया जा सके। कार्यक्रम के अंत सेडमैप जिला समन्वयक द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजीव मिश्रा, विपिन चौबे एवं समस्त प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 से 25 जून तक, पोलियो की दवा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को जिले के समस्त ब्लॉकों में पिलाई जाएगी बूथ चलो अभियान में सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चो को 23 जून, दिन रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत सभी आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आरकेएसके साथिया, ब्रिगेडियर,ग्राम सचिव,रोजगार सहायक,कोटवार के द्वारा बूथ पर मोबिलाइजेशन कर पोलियो की वैक्सीन 23 जून रविवार को पिलाई जाएगी, एवं 24 और 25 जून को पोलियो टीम घर-घर जाकर छूटे बच्चों को दवा पिलाएंगी एवं मार्किंग करेंगी इसी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया सीबीएमओं डां.ई.मिंज ने ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ बताया गया कि ब्लॉक स्तर पर समस्त स्वास्थ अधिकारी अभियान में युद्ध स्तर पर मॉनिटरिंग करेंगे एवम् पोलियो संबंधी रिपोर्ट समय से भेजेंगे।

# न्यायालय परिसर व जेल परिसर में मनाया गया योग दिवस



**हटा।** नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. तथा माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे से न्यायालय परिसर में योग शिविर का अयोजन किया गया। शिविर में सुनील कुमार, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति, हटा, सुश्री दिव्यानी सिंह, न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी तेज सिंह गौड़ न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी, सुश्री निशिता श्रीवास्तव प्रशिक्षु न्यायाधीश, नागेन्द्र चौधरी, जेलर योग प्रशिक्षक ऋतुराज सिंह न्यायालय का स्टाफ एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहें। उक्त शिविर में प्रशिक्षक श्री ऋतुराज सिंह द्वारा उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण को विभिन्न योग क्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान कर उनके द्वारा लाभों को बताया गया। इसी श्रृंखला में प्रातः 8 बजे से उपजेल हटा परिसर में भी योग शिविर का अयोजन किया गया। शिविर में तेज सिंह गौड़ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री निशिता श्रीवास्तव प्रशिक्षु न्यायाधीश नागेन्द्र चौधरी, जेलर योग प्रशिक्षक ऋतुराज सिंह जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहें। रोशन लाल रावत, नर्स आयशा मंसूरी जेल स्टॉफ, प्रदीप सिंह राहुल यादव ललन सिंह धर्मेन्द्र कुमार बजरंग सिंह अशोक बर्मन विनीता पटेल शिखा मिश्रा प्रथा राजपूत और बंदियों ने योग किया।

# जनपद सभागार में बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत के सभागृह में 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित सिग्रामपुर के कार्यक्रम के संबंध में एवं जबेरा विधानसभा के तेंदूखेड़ा में होने जा रहे पांचवे सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में जनपद अधिकारियों ,कर्मचारी ,सरपंच ,सचिव ,रोजगार सहायकों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई बैठक में जबेरा 56 के विधायक संस्कृति एवं पर्यटन स्वतंत्र प्रभार मंत्री के विधायक प्रतिनिधि भाई सत्येंद्र सिंह ने बैठक मैं दोनों विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की उन्होंने कहा कि पंचायत से दो-तीन बाहनों से सिग्रामपुर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर पंचायतो के लोगों को पहुंचाना है खासकर वे पंचायतें जिम हमारे आदिवासी भाई निवासरत है उन पर विशेष ध्यान देकर कार्यक्रम में उनकी शिरकत करानी है हमे इस बात का विशेष ध्यान रखना है इसके बाद उन्होंने 9 जुलाई को कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष भी कन्या विवाह काफी संख्या में तेंदूखेड़ा में किए गए थे मुझे आशा ही नहीं विश्वास है कि आगे होने जा रहे विवाह में आप सभी का सहयोग मिलते हुए हम इस बड़े वृहद रुप में विवाह सम्मेलन को अच्छे से कर सकेंगे इस विवाह सम्मेलन के फॉर्म 1 जुलाई तक भरे जाने हैं अधिक से अधिक संख्या में फार्म भरवाए जाए बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ,मूरत सिंह, नर्मदा प्रसाद दुबे, चेतन जैन, रवि लोधी, होरीलाल, संत कुमार पाल, कमलेश साहू सहित काफी संख्या में सरपंच सचिव रोजगार सहायक मौजूद रहे।

# दो बूंद दवा, पोलियो हवा जैसे नारे लगाकर निकाली रैली



**तेंदूखेड़ा।** रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत तेंदूखेड़ा ब्लांक स्तर पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को बूथ स्तर पर पोलियो की दवा पिलाई जाएंगी। यह कार्यक्रम 23 जून से 25 जून तक निरंतर जारी रहेगा। 23 जून को बूथ स्तर पर एवं घर घर जाकर आषा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक, सचिव, कोटवार, आरकेएसके साथियां, विग्रेडियर के द्वारा बूथ पर मोबिलाईजेंषन कर पोलियो की दवा रविवार को पिलाई जाएंगी। 24 एवं 25 जून को छूटे हुए बच्चों को पोलियो टीम के द्वारा घर घर पहुंचकर दवा पिलाई जाएंगी एवं घरों पर मार्किंग की जाएंगी। ब्लांक स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर इस अभियान की रिपोर्टिंग एवं मांनिटरिंग की जाएंगी। पोलियो को जड़ से मिटाने को लेकर शनिवार को नगर में सीबीएमओ आरआर बागरी के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने रैली निकालकर नगरवासियों को अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। दो बूंद दवा, पोलियो हवा। दो बूंद का चमत्कार, पोलियो को नमस्कार जैसे नारे लगाएं गए।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**पथरिया।** शास उच्च माध्यमिक विद्यालय कुमेरिया में अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर योगासन कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में प्रत्येक योग के फायदे व योग की सावधानी योग प्रभारी श्रीमती कल्पना पटेल द्वारा बताई गई इसमें समस्त स्टाफ एवम बच्चों की उपस्थिति रही कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष महेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ इसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे और विश्व योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती कल्पना पटेल द्वारा 15 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण का आज से उनके निज निवास पर शुभारंभ किया गया इनका मानना है कि योग स्वयं के लिए है और समाज के लिए है। अपनाए योग, रहे निरोग।

## खबर संक्षेप

### एक्सीलेंस के छात्रों को मिलेगी बस की सुविधा

**दमोह।** विदित हो कि दमोह जिले में ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय पीजी कॉलेज को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिसमें छात्र-छात्राओं को पहली बार बस की सुविधा हासिल होने जा रही है। इसके लिए विद्यार्थियों को सिर्फ 30 रूपये देने होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के.पी. अहिरवाल ने बताया कि कॉलेज में पहली बार छात्र-छात्राओं के लिए 1 जुलाई से बस की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है, जिसका भुगतान महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति से किया जाएगा। महाविद्यालय में शासन द्वारा पहली बार इस प्रकार की पहल की गई है जिसके अंतर्गत बस की सुविधा के साथ विभिन्न प्रकार के रोजगार उनमुखी नये कोर्स- बी.एड., संगीत, कृषि आदि प्रारंभ किये जा रहे हैं, जिसमें छात्रों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

### आज प्रातः 07 बजे से होगी पुरेना तालाब की सफाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा 5 जून से 16 जून तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हमने जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया, उसके जो सार्थक परिणाम आये है उससे स्पष्ट हो गया है कि समाज सरकार के साथ मिलकर इस प्रकार के जल संवर्धन अभियानो में हाथ बटाने के लिये तत्पर है। इसी से प्रेरणा लेते हुये यह निर्णय लिया गया है कि अब प्रयास किये जायेंगे कि रविवार को सुबह 07 बजे से 09 बजे तक जल संवर्धन के काम जनता के सहयोग से कराये जायें। इसी कड़ी में पहला कार्यक्रम फुटेरा तालाब में किया था, दूसरा कार्यक्रम बेलाताल में हुआ, अब तीसरा कार्यक्रम आज रविवार 23 जून को पुरेना तालाब में किया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने सामाजिक संस्थाओं, गणमान्य नागरिकों, स्वयंसेवी गणों, अधिकारियों-कर्मचारियों और आमजनता से आग्रह करते हुये कहा आज 23 जून को सुबह 07 बजे से 09 बजे तक श्रमदान करने के लिये, सफाई करने के लिये पुरेना तालाब पर अवश्य पहुंचे।

### करोड़ों के तालाब निर्माण कार्य में जंगल के पत्थरों और अवैध उत्खनन में मिलीभगत के आरोप

# अवैध उत्खनन मामले में जब्त चार वाहनों की क्यों छुपाई गई जानकारी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



दमोह जिले के तेजगढ़ वन परिक्षेत्र कार्यालय में जब्ती की पोकलेन मशीन और डंपर सहित चार वाहन खड़े हुए हैं लेकिन कोई कर्मचारी यह बताने तैयार नहीं है कि यह वाहन क्यों खड़े है। कुछ लोग यह कह रहे है की यह किसी कार्यवाही में जप्त हुये है तो कुछ यह कह रहे हमें पता नही वाहन क्यों खडे हैं। रेंजर ही इसका जबाब देंगे। तेजगढ़ रेंजर मामले को टाल रहे है जबकि सूत्रों से पता चल रहा है कि ये चारो वाहन जबेरा तहसील के पारना तालाब में अवैध उत्खनन करते हुये जप्त हुये थे जो वन सुरक्षा में रखे हुये है। आगे उसकी जांच चल रही है, लेकिन जांच क्या चल रही है कौन जांच कर रहा है इसकी कोई पुस्टि करने तैयार नही है।

### ये है मामला

जबेरा जनपद के पारना वीट के समीप 18 करोड़ के लगभग की लागत से जल संसाधन विभाग द्वारा एक बड़े तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। जिस ठेकेदार को यह टेंडर मिला था उसने लोकल तेजगढ़ रेंज स्तर के अधिकारियों से पूरे मामले में सेटिंग कर जंगल से पत्थर लाकर कार्य शुरू कर दिया था। सूत्र बताते है पूरे मामले में तेजगढ़ रेंजर भी लिप्त थे जिनको कार्य की जानकारी थी लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की। बाद में पूरे मामले की जानकारी वन मंडल अधिकारी दमोह को दी गई। उसके बाद उन्होंने तत्कालीन तेंदूखेड़ा उपवन मंडल अधिकारी रेखा पटेल को जांच के लिए 23 अप्रैल को भेजा। जहां शिकायत सही पाई गई और बाद में ठेकेदार पर प्रकरण दर्ज किया गया। उस समय पारना और करनपुरा वीट मे पदस्थ वीटगार्डो के साथ सर्किल आफिसर को दोषी पाया गया। जिस पर बाद में वन मंडल अधिकारी एमएस उइके ने निलंबन की कार्यवाही की उस समय वन मंडल अधिकारी ने यह बताया था की पारना तालाब निर्माण में वन भूमि से पत्थरो को बिना अनुमति के परिवहन किया गया है। पूरे मामले में सर्किल आफिसर और दो वीटगार्डो की संलिप्तता रही जिन्होंने जानकारी नही दी है इसलिए उनको निलंबित किया गया है। आगे पुरे मामले के लिए एक टीम गठित की है जो पूरी जांच रिपोर्ट देगी।

तेंदूखेड़ा की तत्कालीन उपवन मंडल अधिकारी रेखा पटेल से मामले को लेकर बात की गई तो उनका कहना है मेरा स्थानांतरण हो गया है, लेकिन मेरे द्वारा पारना तालाब में अवैध रूप से खुदाई करने वाली दो पोकलेन और एक डंफर, एक ट्रेक्टर जप्त किया था। प्रकरण बनाया था आगे कार्यवाही क्या हुई वह तेंदूखेड़ा में वर्तमान उपवन मंडलअधिकारी बता सकते है। चुकी पारना तालाब मे उत्खनन एक दो दिन नहीं हुआ बल्कि महीनो से चलता रहा था। जब की तालाब का 75%प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन तेजगढ़ रेंजर को भनक तक नही लगी यह बहुत बड़ी बात है। अब आगे की जांच तेंदूखेड़ा उपवनमंडलअधिकारी प्रतीक दुबे कर रहे है। उनसे जब मामले को लेकर बात की गई तो उनका कहना है जप्त वाहनो पर राजसात की कार्यवाही की जायेगी। ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जायेगा। जब उपवनमंडल अधिकारी से पूछा की दो वीटगार्ड और सर्किल आफिसर भी लिप्त थे महीनो से चल रहे उत्खनन मे रेंजर को जानकारी नही थी। क्या वह जांच मे दोषी नही पाये गये इस सवाल के सबंध मे तेंदूखेड़ा उपवनमंडलअधिकारी के पास कोई जबाब नही था।

### चार वाहन जप्त रेंजर सुरक्षित

तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की सर्किल पारना और करनपुरा बीट से लगे क्षेत्र में इस तालाब का निर्माण हो रहा है। जिसमें कई महीनो से जंगल से पत्थर की खुदाई का कार्य चल रहा है, लेकिन यह जानकारी तेजगढ़ रेंजर के पास क्यों नही पहुंची और जब दो वीटगार्ड और सर्किल आफिसर काफी समय पूर्व निलंबित हो गये है तो आज तक रेंजर क्यों दोष मुक्त बने है ये बड़ा सवाल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले में 21 मई को तेंदूखेड़ा उपवन मंडल अधिकारी रेखा पटेल ने उड़नदस्ता की मोजूदगी में अवैध रूप से जंगल की खुदाई करने के मामले मे दो पोकलेन मशीन एक डंफर और एक ट्रेक्टर भी जप्त कर लिया है और ये चारो वाहन तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में वन अमले की सुरक्षा मे रखे है। लेकिन आज तक किसी अधिकारी ने इतनी बड़ी कार्यवाही की जानकारी अधिकृत रूप से मीडिया को नहीं दी ये सोचने वाली बात है।

### राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज

# जिले में 1868 परीक्षार्थी देंगे पीएससी प्री परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन आज 23 जून 2024 को दमोह जिले के 04 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में यथा प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 02:15 बजे से अपरान्ह 4:15 बजे तक किया जायेगा। परीक्षा में दमोह जिले के 1868 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, मोबाईल, धूप का चश्मा, कफलिंक, हाथ के बैण्ड, बंधन धागे, रबर, पैंसिल, व्हाइटनर, बालो का क्लेचर, बक्कल, घड़ी, बेल्ट, पर्स, टोपी लाना वर्जित किया गया है, साथ ही चेहरे को ढँक कर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश वर्जित होगा। जिन अभ्यर्थियों को आनलाईन प्रवेश पत्र में उनके फोटो तथा हस्ताक्षर स्पष्ट नही है या अनुपलब्ध है, उन्हें आनलाईन प्रवेश पत्र पर विहित स्थान पर अपना फोटो चिपकाकर उसके नीचे हस्ताक्षर करना होंगे तथा फोटो आवंटित केंद्राध्यक्ष से सत्यापित कराएंगें, परीक्षा के दौरान फोटो की एक प्रति भी साथ लेकर जाये, उक्त फोटो के पीछे अपना नाम, आवेदन क्रमांक एवं अनुक्रमांक अंकित किया जाए, अपने साथ आवेदन पत्र की रसीद रखें। परीक्षा केंद्र पर आयोग द्वारा निर्धारित परिचय पत्रों में से किसी एक मूल पहचान पत्र लेकर आएंगे। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कार्य के लिए अधिकृत अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश नही दिया जायेगा। आयोग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए उड़नदस्ते के साथ वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। समस्त परीक्षा केंद्रो पर कानून व्यवस्था बनाये रखे जाने हेतु कार्यपालिक दंडाधिकारी तथा पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों जिन्हें लेखन सहायक (राईटर) की आवश्यकता होगी, वह अपनी संपूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं घोषणा पत्र सहित यथासंभव परीक्षा दिवस के एक-दो दिन पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्राध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी ताकि नियमानुसार लिखित परीक्षा अनुमति प्रदान की जा सके।

### दमोह शहर में कुल 32,200 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे

# शहर में लगा पहला स्मार्ट मीटर




**दमोह।** कार्यपालन अभियंता दमोह मोती लाल साहू ने बताया मानवीय त्रुटि के कारण मीटर रीडिंग में गड़बड़ी से बिजली का बिल बिगड़ने की दमोह शहर में लगभग 200 से 300 शिकायते प्रतिमाह रहती है। जिससे गलत बिजली का बिल सुधरवाने के लिए विद्युत उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। कई बार मासिक बिल में रीडिंग के कारण सब्सिडी ना आने से विद्युत उपभोक्ताओं में असंतोष रहता है। उन्होंने बताया स्मार्ट मीटर स्थापना के बाद रीडिंग संबंधी समस्याओं का शतप्रतिशत निदान हो जाएगा साथ ही अगर विद्युत उपभोक्ता चाहे अपने दैनिक खपत का ब्यौरा और उपयोग किया जा रहे लोड का ब्यौरा आदि प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया स्मार्ट मीटर स्थापना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। स्मार्ट मीटर स्थापना के पूर्व मीटर का परीक्षण एवं सीलिंग सागर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के LTMT लैब से कराया गया है।विद्युत उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत अनुसार बिल जारी करने, मीटर रीडर की रीडिंग में त्रुटि खत्म करने एवं विद्युत खपत में पारदर्शिता रखने जैसे बहु उद्देश की पूर्ति के लिए बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य आज दमोह शहर से प्रारंभ किया गया। जिसके तहत दमोह शहर में 22 जून को इंद्रा कालोनी में पहला स्मार्ट मीटर लगाया गया है। दमोह शहर में कुल 32,200 स्मार्ट मीटर लगाए जाने है।

# जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम हिनौती आजम में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया है। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर जमकर फावड़ा कुल्हाड़ी लाठी डंडे बरसाना शुरू कर दिए। जिसमे पिता गोपाल राठौर पुत्र कमलू साहू और महिला ललिता साहू निवासी हिनोती आजम के घर में घुसकर फावड़ा कुल्हाड़ी तलवार से हमला कर दिया। घटना की सूचना पर हैंड्रेड डायल ने घायलों को 108 की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां से घायलों की हालत गंभीर होने पर दमोह से जबलपुर रेफर किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के सोहेल खान अलाउद्दीन खान शमसुन खान भी खूनी संघर्ष में घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। विवाद की वजह एक बाड़ी की जमीन पर दीवार उठाने को लेकर इतना बढ़ गया की दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमला बोल दिया और खूनी संघर्ष में करीब 6 लोग घायल हुए है। नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया ग्राम हिनौती आजम में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष होने की सूचना हंड्रेड डायल को मिली थी। इसके बाद पुलिस के द्वारा घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय 108 की मदद से भेजा गया था । मामले में कमलेश उर्फ कमलू पिता गोपाल राठौर उम्र 35 साल ग्राम हिनौती आजम निवासी की रिपोर्ट पर सोहेल खान अलाउद्दीन खान समसुन खान हिनौती आजम पर मामला दर्ज किया गया। वहीं समसुन पति अलाउद्दीन खान उम्र 40 साल निवासी हिनौती आजम की रिपोर्ट पर गोपाल साहू कमल साहू ललित साहू के खिलाफ धारा 294 323 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु है: आचार्य श्री

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि पूज्य



आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा एक चुंबकीय तत्व है जो कि वह लोह तत्व को अपनी ओर आकर्षित करता है दोनों का संबंध हो जाता है इसी प्रकार आत्मगत कुछ ऐसे परिणाम है जिन परिणाम के माध्यम से कर्मों का भी संबंध हुआ करता है। कर्म दिखाई नहीं देते पर विश्वास का विषय बनता है ।आत्मगत परिणाम भी देखने में नहीं आते और वह कर्म भी देखने में नहीं आता किंतु उन दोनों का संबंध हो जाता है ।और यह संबंध हुआ नहीं अनादि काल से इसका संबंध है ।शरीर अंग का और जीव इन दोनों का अपने आप में संबंध अनादिकालीन है। उस संबंध को तोड़ने के लिए यह मोक्ष पुरुषार्थ किया जा रहा है ।और जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु ऐसा कहा है जो छोड़ने की इच्छा रखता है उसका नाम मुमुक्षु है और जो जोड़ने की इच्छा रखता उसका नाम भुभुक्षु है। भोगने की इच्छा रखता है पर वस्तु के साथ संबंध रखने की इच्छा रखता उसका नाम भुभुक्षु है। आपको क्या बनना है मुमुक्षु या भुभुक्षु जहां से आए हैं नहीं लौटेंगे तो भुभुक्षु कहलाएंगे। लौटना तो है क्लियर कट है आप रहली पटनागंज से आए कोई कोलकाता से बड़ी दूर-दूर से आए कोई सतना से ।गुरुदेव सतना गए पहली बार प्रवेश किया प्रवचन में कहा सत ना सत नहीं है नश्वर है क्षेत्र की अपेक्षा है संबंध जोड़ने द्रव्य की अपेक्षा से संबंध जोड़ दे रहा काल की अपेक्षा से संबंध जोड़ देता है। काल के साथ कैसा संबंध जोड़ता महाराज आज मेरा जन्मदिन है अवतरण दिवस है शब्द बदल गए बात वही है महाराज जन्मदिवस का निषेध करते हैं जन्म शब्द को हटाकर अवतरण दिवस काल के साथ भी संबंध जोड़ देता है और क्षेत्र के साथ भी संबंध जोड़ देता है। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीश्यते कहा जननी अर्थात मां जन्मभूमि जहां जन्म हुआ यह दोनों स्वर्ग से भी श्रेष्ठ हैं ऐसा बोलते हैं। क्षेत्र के प्रति भी अटैचमेंट है काल के प्रति भी है द्रव्य के प्रति तो है ही। यह जो संबंध है भयानक है इसी को राग बोलते हैं किसी एक वस्तु के प्रति राग है तो निश्चित रूप से उसके प्रतिपक्ष जो तत्व हैं उसके प्रति द्वेष अपने आप सिद्ध हो जाता है। आप छाया में बैठे हैं तो छाया के प्रति राग है धूप के प्रति द्वेष है यदि धूप के प्रति द्वेष नहीं है तो छाया में क्यों बैठे हैं ।छाया के प्रति राग क्यों हैं राग है तो वहां किसी वस्तु के प्रति द्वेष है। आपको मीठा पसंद है हलवा पसंद है कड़वी चीज आपको पसंद नहीं है। कभी-कभी कड़वी चीज भी पसंद आती करेला वगैरा है। प्रायः करके देख लो एक गिलास जूस पिया है लेकिन कौन सा है नीम का ।नीम इसके सेवन से रक्त शुद्ध होता है वैद्यों का कहना । जिस प्रकार गन्ने का रस पीते हैं उसी प्रकार नीम का रस पीते पीना पड़ रहा है पीना अलग है और पीना पड़ रहा है यह अलग है ।पीने की इच्छा नहीं है बिना मन के जल्दी-जल्दी पी लेता है। लेकिन गन्ने का रस ,रस लेते हुए पीता है उसमें रस आ रहा है इसलिए जल्दी नहीं पीता है समय लगाता है। स्वाद लेता है इसी को बोलते हैं राग और द्वेष। अपने लिए अभीष्ट वस्तु है उसके प्रति राग बिना नहीं नहीं रहता और जो अपने लिए अभीष्ट नहीं है उसके प्रति ऑटोमेटिक द्वेष हो जाता। कभी-कभी एक ही वस्तु राग का कारण है वही वस्तु द्वेष का कारण। एक ही वस्तु है कई ईष्ट के रूप में कभी अनिष्ट के रूप में काल का परिवर्तन हुआ है।

# दुराचारी को 10 वर्ष का कठोर कारावास और जुर्माना

### पीड़िता ने राजीनामा किया था पेश, पर घटना की पुष्टि डीएनए रिपोर्ट से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता द्वारा एक महिला के साथ बलात्कार करने एवं मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों के कृत्य और मामले की परिस्थितियों को दृष्टिगत भादवि की धारा 376 323,और 450 में दस दस वर्ष के कठोर कारावास एवं पन्द्रह सौ रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

मामले में शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। अभियोजन के अनुसार थाना दमोह देहात अंतर्गत निवासी एक महिला दिनांक 8 अक्टूबर 2022 को रात में घर पर अकेली थी तो उसके पति के साथ काम करने वाला आरोपी रवि अहिरवार निवासी ग्राम चौरई एवं मुकेश यादव निवासी दमयंती पुरम न्यू दमोह घर पर आए और जबरदस्ती घर के अंदर घुसकर महिला के साथ मारपीट करते हुए उसके साथ रात भर बार बार बलात्कार किया। आरोपियों के जाने के बाद महिला ने घटना के बारे में अपने भाई एवं मायके वालों को बताया। महिला के लिखित आवेदन पर से थाना दमोह देहात में आरोपीगण मुकेश यादव एवं रवि अहिरवार के विरुद्ध रिपोर्ट लिखी गई। पुलिस ने घटनास्थल से बिस्तर की चादर एवं धरना के समय पहनी हुई साड़ी डीएनए परीक्षण हेतु जब्त की। पुलिस ने दूसरे दिन आरोपियों को गिरफ्तार कर डीएनए परीक्षण हेतु उनका रक्त नमूना एवं वीर्य नमूना अस्पताल से प्राप्त कर एफ एस एल सागर भेजा और आरोपियों को न्यायालय पेश किया। मामले में न्यायालय मे अभियोजन द्वारा साक्षियो का परीक्षण कराया गया। प्रकरण के चलते दौरान पीड़िता द्वारा राजीनामा न्यायालय में पेश किया गया। डीएनए रिपोर्ट में घटना के समय पहनी हुई पीड़िता की साड़ी और बिस्तर की चादर पर आरोपी रवि के वीर्य पाए जाने का निष्कर्ष निकला। गवाही के पश्चात आरोपी के ओर से न्यायालय में तर्क प्रस्तुत किए गए कि महिला और आरोपी के प्रेम संबंध थे एवं सहमति से उनके द्वारा शारीरिक संबंध बनाए गए थे। ,परंतु महिला के पति को इनके संबंध में जानकारी मिल गई थी और इस कारण पति उसे छोड़ ना दे इसलिए आरोपियों को प्रकरण में में झूठा फसाया गया है। परंतु न्यायालय द्वारा अपने निर्णय में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्णित प्रकरण स्टेट ऑफ पंजाब विरुद्ध गुरमीत सिंह एवं अन्य के मामले का उल्लेख करते हुए लिखा कि न्यायालय पीड़िता की साक्ष्य पर बिना उसकी पुष्टि के भी भरोसा कर सकता है न्यायालय को सिर्फ यह देखना होता है कि क्या पीड़िता के बयान स्वाभाविक एवं विश्वस्नीय है या नही।

न्यायालय द्वारा निर्णय में आगे लिखा गया कि पीड़िता के साथ हुई बलात्कार की पुष्टि चिकित्सक की साक्ष्य एवं डीएनए रिपोर्ट से भी हो रही है ऐसे में आरोपियों के द्वारा किए गए कृत्य एवं समाज में बढ़ती बलात्कार की घटनाओ तथा उसका महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए आरोपियों को भादवि की धारा 376 में 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं धारा 450 और 323 में भी दंडित किया जाता है साथ ही आरोपियों पर पंद्रह सौ का जुर्माना भी अधिरोपित किया जाता है।

# शहरी क्षेत्र के 25147 बच्चों को पिलायी जायेगी पल्स पोलियो की दवा

**दमोह।** राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियों अभियान 23, 24 व 25 जून को मनाया जायेगा। जिसमें दमोह शहरी क्षेत्र के लगभग 25,147 बच्चों को पोलियों खुराक पिलायी जायेगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बूथ चलों अभियान का नारा देते हुये सभी विभागों एवं आमजनमानस से कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग प्रदाय करने के लिये कहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रेक्सन अल्बर्ट ने बताया कि आज से तीन दिवस तक जिले के जन्म से 5 वर्ष के प्रत्येक बच्चें को पोलियों की दो बूंद खुराक पिलायी जायेगी।

### शहरी क्षेत्र के बच्चों को कवर करने बनाये गये 150 बूथ

शहर की सभी 101-ऑगनवाड़ी केन्द्रों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, सभी व्यस्त चैराहों, प्राईवेट चाईल्ड हॉस्पिटल, मलिन बस्तीयों, न्यू दमोह, सभी नवीन कॉलोनियों, आमचैपरा, शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं, शासकीय संजीवनी क्लिनिकों, पर आषा कार्यकर्ताओं, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, सीआईसीएम नर्सिंग कालेज व एकलव्य नर्सिंग कालेज के प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं व स्वयं सेवी संस्थाओं की टीम बनाकर प्रत्येक बच्चें को पोलियों दवा पिलाने का कार्य किया जायेगा। प्रथम दिवस 23 जून को ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर बूथ बनाकर समय सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक दवा पिलायी जायेगी। द्वितीय दिवस व तृतीय दिवस 24 व 25 जून को घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने का कार्य टीम द्वारा किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बेक ने शहरवासियों से अपील की यदि आपके घर में जन्म से 5 वर्ष का बच्चा हो तो उन्हें पोलियों बूथ पर ले जाकर पोलियों की दवा जरूर पिलाये।

# नदी में बच्चे के डूबने की सूचना पर टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

**दमोह।** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घाट पिपरिया से निकली व्यारमा नदी में एक चार से पांच साल का बच्चा डूबने की सूचना मिलने पर डिसट्रिक्ट कमांडेंट हर्ष कुमार जैन और प्रभारी प्लाटून कमांडर प्राची दुबे के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम तत्काल रेस्क्यू करने के लिए पहुंची, जहां शनिवार दोपहर 3:30 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। गहराई होने के कारण अभी तक बच्चा का कोई सुराग नहीं लगा है। अधिकारियों के मुताबिक सुबह पुनः रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू होगा और जल्द से बच्चे का सुराग लगाया जाएगा, मौके पर एसडीईआरएफ टीम में राहुल शर्मा, ऋतुराज, रामकरण, विनोद, हरेंद्र, अशोक, कनीराम और भी एसडीईआरएफ टीम रेस्क्यू करते समय मौजूद थी।

# भूसा से भरी ट्राली फंसने से एक तरफ से रास्ता जाम





**पथरिया।** दमोह पथरिया सड़क मार्ग पर सुनार नदी के पीछे रेलवे अंडरग्राउंड पुलिया के नीचे ओवरलोड भूसा से लदी हुई ट्राली एक तरफ की पुलिया फंस गई जिससे रास्ता में कुछ देर के लिए जाम लग गया।

# पत्नी ओर उसके प्रेमी शिक्षक से परेशान पति ने थाने में की शिकायत

**हटा।** आपने अक्सर महिलाओं को ससुराल में पति व उनके परिजनों द्वारा प्रताड़ित करने के मामले कोर्ट कचहरी व पुलिस थाना में देखे सुने होंगे लेकिन आज के समय में महिलाएं भी पुरुषो से पीछे नहीं है जिन्होंने दांपत्य जीवन के बंधन में शादी के दौरान जीवनभर एक दूसरे का साथ निभाने देवी-देवताओं को साक्षी मानकर बचन दिए गए थे लेकिन अब वह वर्तमान में फिल्म टीवी सीरियल की राह पर धरे के धरे रह गए ऐसा ही मामला नगर के गौरीशंकर वार्ड मैं सामने आया जहां एक अधेड़ उम्र की पत्नी प्यार के परवान में पति को छोड़कर अपने दो बड़े बच्चों को साथ लेकर रफू चक्कर हो गई जहां पति ने अपनी पत्नी ओर उसके प्रेमी से तंग होकर हटा पुलिस थाना में न्याय दिलाने की गुहार लगाई। पुलिस थाना में की गई लिखित शिकायत मैं उल्लेख कर मुकेश पिता जगन्नाथ प्रजापति ने बताया गया कि उसकी 38 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी प्रजापति जो आशा कार्यकर्ता है जिसका प्रेम प्रसंग विगत कई महीनो से शिक्षक राजधर पटेल से चल रहा है जो उसी वार्ड में निवास करता है और वह दादपुर ग्राम का निवासी है जो शादीशुदा व बच्चों वाला है मेरी पत्नी व बच्चों को भी वह वश में कर बहकाता है जिससे मेरी पत्नी आए दिन लड़ाई झगड़ा करती है और वह विगत तीन दिन पहले घर का सारा गृहस्ती का सामान लेकर बच्चों को साथ लेकर भाग गई। आवेदक ने शिकायत में उल्लेख किया है कि यदि मेरे बच्चों व पत्नी के साथ कोई घटना घटित होती है जिसकी जवाबदारी राजधर पटेल की होगी उसने शिकायत में बताया कि पत्नी के प्रेमी राजधर पटेल द्वारा मुझे भी जान से करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे पुलिस थाना में उक्त घटनाक्रम में न्याय दिलाने की गुहार पुलिस से कर रहा है। हटा पुलिस द्वारा आवेदन लेकर मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय नायब तहसीलदार मंडल हिनौता तहसील हटा जिला दमोह**
राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-20(3)/2024-25
हटा दिनांक - 20/06/2024

**// इश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम हिनौती रनेह की आम जनता को सूचित किया जाता है, कि प्राचार्य सी. एम. राईज स्कूल हिनौती रनेह के के द्वारा स्कूल भवन निर्माण हेतू मौजा हिनौती रनेह प.ह.नं. 51 र. नि.मं. रनेह तहसील हटा में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 217 रकबा 9.46 हेक्ट. हस्तांतरण - किये जाने हेतू आनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक 0811280305051 - APP- 21378355 प्रेषित कर मूल दस्तावेज संलग्न कर भूमि को हस्तांतरित किये जाने हेतू पत्र कलेक्टर महोदय दमोह के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, आवेदन पत्र में मौजा हिनौती रनेह स्थित भूमि खसरा नंबर 217 कुल रकबा 9.46 हे. भूमि सी. एम. राईज स्कूल हिनौती रनेह स्कूल भवन निर्माण को हस्तातरित किये जाने हेतू. आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्रतिवेदन हेतू प्राप्त हुआ है।

अतएव आवेदित भूमि के आवंटन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह दिनॉक 27/06/2024 के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद पेशी गुजर जाने पर किसी आपत्ति या दावा पर विचार नही होगा।

आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**मंडल हिनौता तहसील हटा**
**जिला दमोह**